मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर-नवम्बर, 2006 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 31 अक्टूबर, 2006 (कार्तिक 9, 1928)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री किशोरीलाल वर्मा, सदस्य विधान सभा,
(2) श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, भूतपूर्व विधान सभा अध्यक्ष,
(3) श्री सूरजभान, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल,
(4) श्री भानुप्रताप सिंह, कर्नाटक के भूतपूर्व राज्यपाल,
(5) श्रीमती नंदिनी सत्पथी, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(6) श्री रवीन्द्र वर्मा, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(7) श्री कांशीराम, बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक,
(8) श्री योगानंद सरस्वती, भूतपूर्व संसद सदस्य,
(9) श्री कृष्ण सिंह, भूतपूर्व संसद सदस्य,
(10) श्री सुखेन्द्र सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(11) श्री रघुवीर सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(12) श्री रणवीर सिंह शास्त्री, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(13) श्री दीवान भगवत सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(14) श्री बिसमिल्ला खां, सुप्रसिद्ध शहनाई वादक ; तथा,
(15) प्रदेश में हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत व्यक्ति.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. जुलाई, 2006 सत्र निर्धारित अवधि से पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांकों के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

4. नियम 267-क के अधीन जुलाई, 2006 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

5. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री आरिफ अकील, डॉ. गोविन्द सिंह, श्री रामनिवास रावत, सदस्य, रायसेन जिले के मण्डीदीप क्षेत्र से जहरीली गैस के रिसाव से पांच व्यक्तियों की मौत होने की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्रीमती सरोज बच्चन नायक, श्री राम निवास रावत, श्री राजेश पटेल, सदस्य, प्रदेश के कृषकों को खाद, बीज न मिलने से उत्पन्न स्थिति की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

6. सभापति तालिका की घोषणा

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 30 अक्टूबर, 2006